मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-79
01/02/2026

# मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क का किया भ्रमण, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

पटना, 01 फरवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना के बुद्ध स्मृति पार्क का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर का जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बुद्ध स्मृति पार्क में घूमने आये लोगों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने भी हाथ हिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया और प्रसन्नता व्यक्त की। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बुद्ध स्मृति पार्क बहुत अच्छा बना है। लोग यहां अपने परिवार के साथ आकर घूमते हैं। भगवान बुद्ध से जुड़ी बातें जानते हैं और उन्हें अच्छा महसूस होता है।

मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क में भगवान बुद्ध की पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

भ्रमण के दौरान विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री अनिमेष परासर एवं जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0 उपस्थित थे।

********